संदेश वाहक
www.thesandeshwahak.com Sandesh Wahak

# जल सारथी ऐप बताएगा गांव की जल योजनाओं का पूरा हाल

संदेश वाहक न्यूज

**लखीमपुर खीरी।** ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल सारथी ऐप संचालित किया गया है। इस ऐप के माध्यम से ग्रामीण पेयजल योजनाओं की रियल टाइम मॉनिटरिंग, योजनाओं की जानकारी, जल स्रोतों की स्थिति तथा शिकायतों के निस्तारण की जानकारी आमजन को आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। जल सारथी ऐप आधुनिक तकनीक और जन सहभागिता का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में प्रभावी भूमिका निभाएगा। इस ऐप के माध्यम से उपभोक्ता अपनी ग्राम पंचायत में संचालित पेयजल योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे तथा जल स्रोतों की वर्तमान स्थिति पर भी नजर रख सकेंगे। इसके अतिरिक्त ग्रामीण सारथी ऐप के जरिए अपनी शिकायत दर्ज कर सकेंगे और उसके निस्तारण की प्रगति को भी ट्रैक कर सकेंगे।